भारत सरकार मुद्रणालय.....
के दिनांक.....को प्राप्त। 14-3-02,
3311

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33001/99

REGD. NO. D. L.-33001/99

प्रभारी
पत्र वितरण एकक

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

P.O-215
KM-15
15.2.2001

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 16, 2002/माघ 27, 1923
No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 16, 2002/MAGHA 27, 1923

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्रभारी
रा० वि० एकक

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)

गृह मंत्रालय

(राजभाषा विभाग)

नई दिल्ली, 31 जनवरी, 2002

सा.का.नि. 46.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और राजभाषा विभाग, हिन्दी शिक्षण योजना (गैस्टेटनर आपरेटर और सफाई वाला एवं फराश) भर्ती नियम, 1982 को जहां तक उनका संबंध सफाई वाला एवं फराश के पद से है उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान/हिन्दी शिक्षण योजना राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में सफाई वाला-सह-फराश के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान/हिन्दी शिक्षण योजना (सफाई वाला-सह-फराश) भर्ती नियम, 2002 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि.**—उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन-सह-ज्येष्ठता या योग्यता के आधार पर चयन अथवा अचयन पद	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली,1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय हैं या नहीं	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा
1	2	3	4	5	6	7
सफाई वाला-सह-फराश	12* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'घ' (अराजपत्रित)	रु. 2550-55-2660-60-3200	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	18 और 25 वर्ष के बीच **टिप्पण :** आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
वांछनीय : प्राथमिक कक्षा उतीर्ण हो	लागू नहीं होता	दो वर्ष

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा
11	12
सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
13	14
समूह "घ" विभागीय प्रोन्नति समिति (स्थायीकरण पर विचार करने के लिए) **(अ) उत्तरी क्षेत्र के लिए :** 1. प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान या उप निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान/हिन्दी शिक्षण योजना (केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक द्वारा यथा नामनिर्देशित)—अध्यक्ष 2. उप निदेशक (उत्तर/परीक्षा) हिन्दी शिक्षण योजना—सदस्य 3. किसी अन्य विभाग/संगठन से एक राजपत्रित अधिकारी—सदस्य **(आ) अन्य क्षेत्रों के लिए :** 1. संबंधित क्षेत्र का उपनिदेशक —अध्यक्ष 2. संबंधित क्षेत्र का सहायक निदेशक —सदस्य 3. किसी अन्य विभाग/संगठन से भारत सरकार का एक राजपत्रित अधिकारी —सदस्य	लागू नहीं होता

[सं. 14034/43/98-रा.भा.(प्रशिक्षण)]

एस. रमणन, अवर सचिव

पाद टिप्पणी : मूल नियम, भारत के राजपत्र, भाग-II खंड 3 (i) में सा.का.नि. 45, दिनांक 8 जनवरी, 1983 के तहत प्रकाशित किए गए थे।

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Official Language)

New Delhi, the 31st January, 2002

G. S. R. 46.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Department of Official Language Gestetner Operator and Safaiwala-cum-Farash, (Hindi Teaching Scheme) Recruitment Rules, 1982, in so far as they relate to the post of Safaiwala-cum-Farash, except as respect things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Safaiwala-cum-Farash in the Central Hindi Training Institute/Hindi Teaching Scheme, Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, namely :—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, Central Hindi Training Institute/Hindi Teaching Scheme (Safaiwala-cum-Farash) Recruitment Rules, 2002.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, classification and scales of pay.**—The number of the said posts, their classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age limit and qualifications etc.**—The method of recruitment, to the said posts, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (14) of the Schedule hereto annexed.

4. **Disqualification.**—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Powers to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of the post	Number of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection by merit or selection cum-senority or Non-selection post	Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972.
1	2	3	4	5	6
Safaiwala-cum-Farash	12* (2002) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'D' (Non-Gazetted)	Rs. 2550-55-2660-60-3200	Not applicable	Not applicable

Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any
7	8	9	10
Between 18 to 25 years **Note** : The crucial date for determining the age limit shall be the last date upto which the Employment Exchanges are asked to submit the names.	**Desirable** : Primary Standard Pass.	Not applicable	Two years

Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation absorption and percentage of the posts to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/absorption, grades from which promotion/deputation/absorption to be made
11	12
By direct recruitment	Not applicable

If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
13	14
Group 'D' Departmental Promotion Committee (for confirmation) **(A) For Northern Region :** 1. Administrative Officer, Central Hindi Training Institute or Deputy Director, Central Hindi Training Institute/Hindi Teaching Scheme (as nominated by Director, Central Hindi Training Institute.)—Chairman 2. Deputy Director (North/Examination) Hindi Teaching Scheme —Member 3. A Gazetted Officer from some other Department/ Organisation —Member **(B) For Other Regions :** 1. Deputy Director of the respective region—Chairman 2. Assistant Director of the respective region—Member 3. Any Gazetted Officer of the Government of India from some other Department/Organisation —Member	Not Applicable

[F. No. 14034/43/98-OL (Trg)]

S. RAMANAN, Under Secy.

Foot Note.—The Principal rules were published in the Gazette of India, Part-II, Section (3), Sub-section (i), vide GSR 45 dated 8th January, 1983.

नई दिल्ली, 6 फरवरी, 2002

सा.का.नि. 47.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय, हिन्दी शिक्षण स्कीम (अनुसंधान सहायक) भर्ती नियम 1979 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग (अनुसंधान सहायक-हिन्दी भाषा) हिन्दी शिक्षण योजना भर्ती (संशोधन) नियम, 2002 है।

(ii) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. गृह मंत्रालय, हिन्दी शिक्षण स्कीम (अनुसंधान सहायक) भर्ती नियम, 1979 की अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची रखी जाएगी; अर्थात् :—

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन-सह-ज्येष्ठता या योग्यता के आधार पर चयन अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय हैं या नहीं
1	2	3	4	5	6	7
अनुसंधान सहायक (हिन्दी भाषा)	05* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' अराजपत्रित (अननुसचिवीय)	रु.5500-175-9000	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	पुनर्नियोजित सशस्त्र बल कार्मिकों के लिए दो वर्ष

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा
11	12
प्रतिनियुक्ति द्वारा सशस्त्र बल कार्मिकों के लिए प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन	**प्रतिनियुक्ति :** केन्द्रीय सरकार के अधीन ऐसे अधिकारी :— (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने 5000—8000 रु. या समतुल्य वेतनमान वाले पदों पर तीन वर्ष नियमित सेवा की है; या (iii) जिन्होंने 4500—7000 रु. या समतुल्य वेतनमान वाले पदों पर छह वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हैं :— **आवश्यक** (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ हिन्दी में मास्टर डिग्री या समतुल्य। या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिन्दी विषय के साथ अंग्रेजी में मास्टर डिग्री या समतुल्य। या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी और हिन्दी विषयों के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य। या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी माध्यम से और डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य। या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम से और डिग्री स्तर पर हिन्दी विषय के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य, और (ii) हिन्दी में शब्दावली कार्य का या अंग्रेजी से हिन्दी में अथवा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव जिसमें तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य संबंधी कार्य को अधिमानता दी जाएगी, या हिन्दी में अध्यापन, अनुसंधान, लेखन या पत्रकारिता का दो वर्ष का अनुभव।

12
सशस्त्र बल कर्मिकों के लिए प्रतिनियुक्ति, पुनर्नियोजन : कनिष्ठ कमीशण्ड अधिकारी के रैंक के ऐसे सशस्त्र बल के ऐसे कार्मिकों के संबंध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानान्तरित किए जाने वाले हैं और जिनके पास अपेक्षित अनुभव और विहित अर्हताएं है। ऐसे व्यक्तियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है, तत्पश्चात् उन्हें पुनर्नियोजन पर बने रहने दिया जा सकता है। यदि ऐसे पात्र अधिकारी उस पद पर वास्तविक चयन से पहले सेवानिवृत्त हो गए हैं या रिजर्व में स्थानान्तरित हो गए हैं तो उनकी नियुक्ति पुनर्नियोजन के निबंधनों पर की जाएगी। (सिविल पदों के प्रतिनिर्देश से अधिवार्षिता की आयु तक पुनर्नियोजन।) (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
13	14
समूह ''ख'' विभागीय प्रोन्नति समिति (स्थायीकरण के लिए) : 1. निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान —अध्यक्ष 2. अवर सचिव, राजभाषा विभाग —सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान —सदस्य	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना तब आवश्यक है जब अन्य व्यक्तियों के साथ सशस्त्र बल कार्मिक, प्रतिनियुक्ति/ पुनर्नियोजन के लिए चयन के क्षेत्र में हो।

[फा. सं. 14034/18/99-रा.भा.(प्रशि.)]

एंस. रमणन, अवर सचिव

पाद टिप्पण :—मूल भर्ती नियम भारत के राजपत्र, भाग-II, खंड-3, उपखंड (i) की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 618, तारीख 28 अप्रैल, 1979 द्वारा प्रकाशित हुए थे।

New Delhi, the 6th February, 2002

G. S. R. 47.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Ministry of Home Affairs, Hindi Teaching Scheme, (Research Assistant) Recruitment Rules, 1979 namely :—

(1) (i) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, Central Hindi Training Insititute (Research Assistant—Hindi Language) Hindi Teaching Scheme Recruitment (Amendment) Rules, 2002.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

(2) In the Ministry of Home Affairs, Hindi Teaching Scheme, (Research Assistant) Recruitment Rules, 1979, for the Schedule, the following Schedule shall be substituted, namely :—

SCHEDULE

Name of the Post	Number of Posts	Classification	Scale of Pay	Whether selection, merit or selection-cum-seniority or non-selection posts	Age limit for direct recruits
1	2	3	4	5	6
Research Assistant (Hindi Language)	05*(2002) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'B', Non-Gazetted, (Non-Ministerial)	Rs. 5500-175-9000	Not applicable	Not applicable

Whether benefit of added years of service admissible under Rule 30 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972	Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any
7	8	9	10
Not applicable	Not applicable	Not applicable	Two years for Armed forces Personnel re-employed

Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the posts to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/absorption grades from which promotion/deputation/absorption to be made
11	12
By deputation For Armed Forces Personnel Deputation/re-employment	**Deputation :** Officers under the Central Government :— (a) (i) holding the analogous posts on regular basis; or (ii) with three years' regular service in posts in the scale of Rs. 5000-8000 or equivalent; or (iii) with six years' regular service in posts in the scale of Rs. 4500-7000 or equivalent; and (b) possessing the following educational qualifications and experience : **Essential :** (i) Master's degree of recognised University or equivalent in Hindi with English as a subject at the degree level. OR Master's degree of a recognised University or equivalent in English with Hindi as a subject at the degree level. OR Master's degree of a recognised University or equivalent in any subject with Hindi and English as a subject at the degree level. OR

12
Master's degree of a recognised University or equivalent in any subject with Hindi medium and English as a subject at the degree level. OR Master's degree of a recognised University or equivalent in any subject with English medium and Hindi as a subject at the degree level. (ii) Two year's experience in terminological work in Hindi and/or translation work from English to Hindi or vice-versa preferably of technical or scientific literature. OR Two year's experience of teaching, research, writing or journalism, in Hindi. **For Armed Forces Personnel Deputation/re-employment :** Armed Forces Personnel of the rank of Junior Commissioned Officer or equivalent who are due to retire or to be transferred to reserve within a period of one year and possessing the educational qualifications and experience prescribed for deputationists shall also be considered. If selected such officers shall be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed Forces. Thereafter, they may be continued on re-employment terms. In case such eligible officers have retired or have been transferred to reserve before the actual selection to the post is made their appointment shall be on re-employment terms. (Re-employment upto the age of superannuation with reference to civil posts). (Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications).

If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition.	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.
13	14
Group 'B' Departmental Promotion Committee (for confirmation) : 1. Director, Central Hindi Training Institute —Chairman 2. Under Secretary, Department of Official Language —Member 3. Administrative Officer, Central Hindi Training Institute —Mamber	Consultation with Union Public Service Commission necessary when an Armed Forces Personnel among others is in the field of selection for deputation/re-employment.

[F. No. 14034/18/99-OL (Trg.)]

S. RAMANAN, Under Secy.

Foot Note :—The Principal Recruitment Rules were published in the Gazette of India, Part-II, Section-3, Sub-section (i) vide G.S.R. 618, dated 28-4-1979.

नई दिल्ली, 6 फरवरी, 2002

सा.का.नि. 48.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान में अनुसंधान सहायक (हिन्दी टंकण/आशुलिपि) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान (अनुसंधान सहायक—हिन्दी टंकण/आशुलिपिक) भर्ती नियम, 2002 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान** : उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 2 से स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि** : उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (14) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निर्हता** : वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति** : जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति** : इन नियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन-सह-ज्येष्ठता या योग्यता के आधार पर चयन अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
अनुसंधान सहायक (हिन्दी टंकण/ आशुलिपि)	2* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "ख" अराजपत्रित, अननुसचिवीय	रु. 5500-175-9000	चयन-सह-ज्येष्ठता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नत व्यक्तियों और सशस्त्र बल के पुनर्नियोजित कार्मिकों के लिए दो वर्ष

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा
(11)	(12)
50% प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा। 50% प्रतिनियुक्ति द्वारा। सशस्त्र बल के कार्मिकों के लिए (प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन)	**प्रोन्नति:**—ऐसे आशुलिपिक श्रेणी ''ग'' जिन्होंने उस श्रेणी में छह वर्ष की नियमित सेवा की है, जिसके न हो सकने पर ऐसे आशुलिपिक श्रेणी ''ग'' जिन्होंने आशुलिपिक श्रेणी ''ग'' और आशुलिपिक श्रेणी ''घ'' के रूप में कुल मिलाकर दस वर्ष नियमित सेवा की है। **टिप्पण:**—जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक/पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक/पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति:**—केन्द्रीय सरकार के अधीन ऐसे अधिकारी:— (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) जिन्होंने 5000-8000 रु. के वेतनमान वाले पदों पर तीन वर्ष नियमित सेवा की है, या (iii) जिन्होंन 4500-7000 रु. के वेतनमान वाले पदों पर छह वर्ष नियमित सेवा की है, या (iv) जिन्होंने 4000-6000 रु. के वेतनमान वाले पदों पर दस वर्ष नियमित सेवा की है, और (ख) जिनके पास हिन्दी टंकण/आशुलिपि में पांच वर्ष का अनुभव है। **सशस्त्र बल के कार्मिक के लिए प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन:—** सशस्त्र बल के जूनियर कमीशंड आफिसर या समतुल्य रैंक के ऐसे कार्मिकों के संबंध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवा निवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किए जाने वाले हैं और जिनके पास प्रतिनियुक्ति व्यक्तियों के लिए विहित अनुभव हैं। यदि ऐसे अधिकारियों का चयन हो जाता है तो उस तारीख तक उसे प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है, तत्पश्चात उन्हें पुनर्नियोजन पर बने रहने दिया जा सकता है। ऐसे पात्र अधिकारियों की दशा में उस पद पर वास्तविक चयन से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किए जा चुके हैं, उसकी नियुक्ति पुनर्नियोजन के आधार पर होगी। (सिविल पदों के प्रतिनिर्देश से अधिवर्षिता की आयु तक पुनर्नियोजन)।

(12)	
	(पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकरी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। प्रतिनियुक्ति/संविदा की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति संविदा की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है, के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(13)	(14)
समूह ''ख'' विभागीय प्रोन्नति समिति (सशस्त्र बल के पुनर्नियोजित कार्मिकों की प्रोन्नति/स्थायीकरण के संबंध में विचार करने के लिए।) 1. निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान — अध्यक्ष 2. अवर सचिव, राजभाषा विभाग — सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान — सदस्य	संघ लोक सेवा आयोग से तब परामर्श करना आवश्यक है जब अन्य व्यक्तियों के साथ सशस्त्र बल के कार्मिक प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन के लिए चयन क्षेत्र के अंतर्गत आते हों।

[फा. सं. 14034/18/99-रा. भा.(प्रशि.)]

एस. रमणन, अवर सचिव

New Delhi, the 6th February, 2002

G.S.R. 48.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Research Assistant (Hindi Typing/ Stenography in the Central Hindi Training Institute) Department of Official Language, Ministry of Home affairs, namely :—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, Central Hindi Training Institute (Research Assistant—Hindi Typing/Stenography) Recruitment Rules, 2002.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, classification and scale of pay.**—The number of the said posts, their classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age limit, qualifications.**—The method of recruitment, to the said posts, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (14) of the said Schedule

4. **Disqualification.**—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the party to the marriage and that there are other grounds for doing so, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient do so, to it may, by order, for reasons to be recorded in writing relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes Ex-servicemen and other special categories of persons, in accordance with the Orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of the Post	Number of posts	Classification	Scale of Pay	Whether selection by merit or selection-cum-seniority or Non-selection post
1	2	3	4	5
Research Asssistant (Hinid Typing/ Stenography	2* (2002) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service Group 'B' Non-Gazetted, (Non-Ministerial)	Rs. 5500-175-9000	Selection-cum- seniority

Age limit for direct recruits	Whether benefits of added years of service admissible under Rule 30 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972	Educational and other qualification required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees
6	7	8	9
Not applicable	Not applicable	Not applicable	Not applicable

Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the posts to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation / absorption grades from which promotion/deputation/ absorption to be made
10	11	12
Two Years for promotees and Armed Forces personnel re-employed	50% by promotion failing which by deputation. 50% by deputation. For Armed Forces Personnel (deputation/re-employment.)	**Promotion:** Stenographer Garde "C" with six years reular service in the grade failing which stenographer Grade 'C' with combined regular service of ten years as Stenographer Grade 'C' and Stenographer Grade 'D'. **Note :** Where juniors who have completed their qulifying/ eligibility service are being considered for promotion, their seniors shall also be considered provided they are not short of the requisite qualifying/eligibility service by more than half of such qualifying/eligibility service of two years, whichever is less, and have sucessfully completed their probation period for promotion to the next higher grade alongwith their juniors who have already completed such qualifying/eligibility service.

12
Deputation : Officers under the Central Government : (a) (i) holding analogous posts on regular basis, or (ii) with three years' regular service in posts in the scale of Rs. 5000-8000 or equivalent; or (iii) with six years regular service in posts in the scale of Rs. 4500-7000 or equivalent; or (iv) with ten years regular service in posts in the scale of Rs. 4000-6000 or equivalent; and (b) possessing five years experience in Hindi Typing/ Stenography. **For Armed Forces Personnel :** **Deputation/re-employment** Armed forces Personnel of the rank of Junior Commissioned Offcer or equivalent who are due to retire or to be transferred to reserve within a period of one year and possessing the experience prescribed for deputationists shall also be considered. If selected such officers shall be given deputation terms up to the date on which they are due for release from the Armed Forces. Thereafter, they may be continued on re-employment basis. In case such eligible officers have retired or have been transferred to reserve before the actual selection to the post in made, their appointment shall be on re-employment terms. (Re-employment upto the age of superannuation with reference to civil posts.) The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications.)

If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.
13	14
Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering promotion/confirmation of Armed Forces Personnel re-employed) 1. Director, Central Hindi Training Institute —Chairman. 2. Under Secretary, Department of Official Language —Member. 3. Administrative Officer, Central Hindi Training Institute —Member	Consultation with Union Public Service Commission necessary when an Armed Forces Personnel among others is in the field of selection for deputation/re-employment.

[F. No. 14034/18/99-OL(Trg.)]
S. RAMANAN, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, 30 जनवरी, 2002

सा.का.नि. 49—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 148 के खंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के नियंत्रक महालेखाकार से परामर्श करने के पश्चात् भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (समूह 'घ' पद) भर्ती नियम, 1988 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (समूह 'घ' पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 2002 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (समूह 'घ' पद) भर्ती नियम 1988 की अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची रखी जाएगी; अर्थात् :—

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन-सह-ज्येष्ठता या योग्यता के आधार पर चयन अथवा अचयन पद	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
सफाईवाला	532* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "घ" (अराजपत्रित)	2550-55-2660-60-3200 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो
(8)	(9)	(10)
वांछनीय : किसी मान्यताप्राप्त विद्यालय से पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण।	लागू नहीं होता	दो वर्ष

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा
(11)	(12)
सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(13)	(14)
विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :— 1. एक लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी/सहायक महालेखाकार/ सहायक निदेशक, प्रशासन का भारसाधक 2. दो लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी जिनमें से एक अधिकारी उस कार्यालय से बाहर का होगा जहां पुष्टि के संबंध में विचार किया जा रहा हो। **टिप्पण:**—ज्येष्ठतम अधिकारी अध्यक्ष होगा।	लागू नहीं होता

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
2. वाटरमैन	78* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "घ" (अराजपत्रित)	2550-55-2660-60-3200 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।

(8)	(9)	(10)
वांछनीय : किसी मान्यताप्राप्त विद्यालय से पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण।	लागू नहीं होता	दो वर्ष

(11)	(12)
सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता

(13)	(14)
विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :— 1. एक लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी/सहायक महालेखाकार/ सहायक निदेशक, प्रशासन का भारसाधक 2. दो लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी जिनमें से एक अधिकारी उस कार्यालय से बाहर का होगा जहां पुष्टि के संबंध में विचार किया जा रहा हो। **टिप्पण :**—ज्येष्ठतम अधिकारी अध्यक्ष होगा।	लागू नहीं होता।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
3. चौकीदार	761* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह ''घ'' (अराजपत्रित)	2550-55-2660-60-3200 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।

(8)	(9)	(10)
वांछनीय किसी मान्यताप्राप्त विद्यालय से पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण; और (ख) सशस्त्रबल में अनुभव या होमगार्ड या नागरिक सुरक्षा में बुनियादी और पुनरचर्चा पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण सहित होमगार्ड या नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप मे तीन वर्ष की सेवा।	लागू नहीं होता	दो वर्ष

(11)	(12)
सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता

(13)	(14)
विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :— 1. एक लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी/सहायक महालेखाकार/सहायक निदेशक, प्रशासन का भारसाधक 2. दो लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी, जिनमे से एक अधिकारी उस कार्यालय से बाहर का होगा जहां पुष्टि के संबंध में विचार किया जा रहा हो। **टिप्पण:**—ज्येष्ठतम अधिकारी अध्यक्ष होगा।	लागू नहीं होता

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
4. माली	53* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह ''घ'' (अराजपत्रित)	2550-55-2660-60-3200 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।

(8)	(9)	(10)
आवश्यक बागवानी कार्य करने का अनुभव। **टिप्पण:**—अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) नियुक्ति प्राधिकारी/विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है (हैं) जब चयन के किसी प्रकम पर नियुक्ति प्राधिकारी/की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की सभावना नहीं है। **वांछनीय:**—किसी मान्यताप्राप्त विद्यालय से पांचवी कक्षा उत्तीर्ण।	लागू नहीं होता	दो वर्ष

(11)	(12)
सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता

(13)	(14)
विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :— 1. एक लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी/सहायक महालेखाकार/सहायक निदेशक, प्रशासन का भारसाधक 2. दो लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी जिनमे से एक अधिकारी उस कार्यालय से बाहर का होगा जहां पुष्टि के संबंध में विचार किया जा रहा हो। **टिप्पण:**—ज्येष्ठतम अधिकारी अध्यक्ष होगा।	लागू नहीं होता

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
5. फराश	48* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "घ" (अराजपत्रित)	2550-55-2660-60-3200 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।

(8)	(9)	(10)
वांछनीय किसी मान्यताप्राप्त विद्यालय से पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण।	लागू नहीं होता	सीधी भर्ती किए गए व्यक्तियों के लिए दो वर्ष

(11)	(12)
आमेलन, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	ऐसे सफाई वाले (संगठन में) से आमेलन, जो नियमित आधार पर नियुक्त किया गया है।

(13)	(14)
विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :— 1. एक लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी/सहायक महालेखाकार/ सहायक निदेशक, प्रशासन का भारसाधक 2. दो लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी जिनमे से एक अधिकारी उस कार्यालय से बाहर का होगा जहां पुष्टि के संबंध में विचार किया जा रहा हो। **टिप्पण:**—ज्येष्ठतम अधिकारी अध्यक्ष होगा।	लागू नहीं होता।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चपरासी	3489* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "घ" (अराजपत्रित)	2550-55-2660-60-3200 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।

(8)	(9)	(10)
आवश्यक किसी मान्यताप्राप्त विद्यालय/बोर्ड से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण। (क) होमगार्ड या नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में 3 वर्ष का अनुभव ; और (ख) होमगार्ड या नागरिक सुरक्षा में बुनियादी और पुनरचर्चा पाठ्यक्रम।	लागू नहीं होता	सीधी भर्ती किए गए व्यक्तियों के लिए दो वर्ष।

(11)	(12)
आमेलन, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा। **टिप्पण** : चपरासी के पद पर नियुक्ति के पश्चात् होमगार्ड में प्रशिक्षण प्राप्त करना बाध्यकर होगा सिवाय ऐसे व्यक्तियों की दशा में जो ऐसे प्रशिक्षण प्राप्त करने में असुविधाग्रस्त हैं।	आमेलन (क) 25 प्रतिशत पद समतुल्य वेतनमान में से सफाईवाला, फराश, चौकीदार की श्रेणी और अन्य समूह 'घ' कर्मचारियों में से (उस संगठन में जहां रिक्तियां प्रोद्भूत होती हैं), जिन्होंने उस श्रेणी में 5 वर्ष नियमित सेवा की है या किसी भी श्रेणी में 5 वर्ष की सम्मिलित नियमित सेवा की है और जिसके पास कम से कम आरम्भिक साक्षरता है और जो अंग्रेजी या हिन्दी या क्षेत्रीय भाषा पढ़ने में समर्थ होने का सबूत देता है। (ख) 75 प्रतिशत पद समतुल्य वेतनमान में ऐसा सफाईवाला, फराश, चौकीदार की श्रेणी और ऐसे अन्य समूह 'घ' कर्मचारियों में से (उस संगठन में जहां रिक्तियां प्रोदभूत होती हैं), जिनके पास सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं हैं, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।

(13)	(14)
विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :— 1. एक लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी/सहायक महालेखाकार/ सहायक निदेशक, प्रशासन का भारसाधक 2. दो लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी जिनमें से एक अधिकारी उस कार्यालय से बाहर का होगा जहां पुष्टि के संबंध में विचार किया जा रहा है। **टिप्पण:**—ज्येष्ठतम अधिकारी अध्यक्ष होगा।	लागू नहीं होता

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
7. ज्येष्ठ चपरासी	99* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "घ" (अराजपत्रित)	2610-60-2910-65-3300-4000 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	शून्य

(11)	(12)
प्रोन्नति द्वारा	**प्रोन्नति :** ऐसा चपरासी, जिसने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है। **टिप्पण :**—यदि किसी अधिकारी का प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो तो उससे ज्येष्ठ सभी व्यक्ति पर इस बात के होते हुए भी विचार किया जाएगा कि उन्होंने प्रोन्नति के लिए पोषक प्रवर्ग में अपेक्षित अर्हक सेवा पूरी नहीं की है; परन्तु यह तब जबकि उनके द्वारा की गई सेवा अपेक्षित अर्हक सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से इनमें से जो भी कम हो, कम न हो।

(13)	(14)
विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :— 1. एक लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी/सहायक महालेखाकार/ सहायक निदेशक, प्रशासन का भारसाधक 2. दो लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा अधिकारी जिनमें से एक अधिकारी उस कार्यालय से बाहर का होगा जहां पुष्टि के संबंध में विचार किया जा रहा हो। टिप्पण :—ज्येष्ठतम अधिकारी अध्यक्ष होगा।	**लागू नहीं होता**

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
8. दफ्तरी	993* (2002) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "घ" (अराजपत्रित)	रु. 2610-60-2910-65-3300-4000 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	18 से 25 वर्ष के बीच आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।

(8)	(9)	(10)
आवश्यक : किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/बोर्ड से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण। **वांछनीय :** फाइलों की सिलाई और जिल्दसाजी कार्य का अनुभव	लागू नहीं होता	सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों के लिए दो वर्ष

(11)	(12)
प्रोन्नति, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**प्रोन्नति :** ऐसा चपरासी, जिसने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है। **टिप्पण :**—यदि किसी अधिकारी का प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो तो उससे ज्येष्ठ सभी व्यक्ति पर इस बात के होते हुए भी विचार किया जाएगा कि उन्होंने प्रोन्नति के लिए पोषक प्रवर्ग में अपेक्षित अर्हक सेवा पूरी नहीं की है; परन्तु यह तब जबकि उनके द्वारा की गई सेवा, अपेक्षित अर्हक सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से इनमें से जो भी कम हो, कम न हो।

(13)	(14)
